प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

29.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से तीन दिन के ओडिशा दौरे पर रहेंगे। वे राजधानी भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के तीन दिवसीय अखिल भारतीय सम्मेलन सहित कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सम्मेलन में गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी भाग लेंगे। सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशक और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, अनुसंधान और विश्लेषण स्कंध–रॉ, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, सतर्कता ब्यूरो और एसपीजी के प्रमुख इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

बैठक सीएम

अखिल भारतीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी की आज नई दिल्ली में बैठक होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी बैठक में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री पहले से ही दिल्ली के दौरे पर हैं। प्रतिभा सिंह भी बीते कल शिमला से दिल्ली के लिए रवाना हो गई हैं। प्रदेश में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठित करने को लेकर वर्किंग कमेटी की बैठक में हाईकमान से चर्चा होने के आसार हैं। सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बनाने को लेकर भी बैठक में प्रदेश के नेताओं को दिशा–निर्देश दिए जा सकते हैं।

राज्य सम्मेलन

सी पी आई एम का 18वां राज्य सम्मेलन कल शिमला के काली बाड़ी में शुरू हुआ। सम्मेलन के दूसरे दिन आज दलितों और गरीबों के शोषण को कैसे रोका जाए इस पर चर्चा होगी। इसके अलावा प्रदेश में आउटसोर्स को बंद करने, बेरोजगारों का शोषण रोकने जैसे विषयों पर विचार–विमर्श करने के बाद रणनीति तय की जाएगी। सी पी आई एम के राज्य सचिव ओंकार शाद ने कहा कि विशाल रैली के साथ सी पी आई एम के 18वें राज्य सम्मेलन की शुरुआत हुई है। तीन दिनों तक हिमाचल प्रदेश के किसानों, बागवानों, मजदूरों, नौजवानों, छात्रों और दलितों व महिलाओं के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की जाएगी।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने प्रदेश के मुददों पर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का सुझाव दिया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विधानसभा की विशेष बैठक बुलाने को लेकर वे मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति से निपटने जैसे मुददों पर बैठक में राजनीति से ऊपर उठकर चर्चा होनी चाहिए और ऐसी बैठकें प्रदेश के हित में निर्णायक साबित हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 से 21 दिसंबर तक धर्मशाला के तपोवन में आयोजित किया जाएगा। इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी। इस संबंध में अधिसूचना जारी हो गई है।

ग्रांट

शिमला जिला में बीते वर्ष आई आपदा के दौरान राहत राशि प्राप्त करने से छूटे प्रभावितों के लिए लगभग 6 करोड़ रुपए की अतिरिक्त ग्रांट जारी की गई है। ये विशेष राहत पैकेज की अतिरिक्त ग्रांट दण्डाधिकारी जुब्बल, रोहडू, रामपुर, ठियोग, शिमला ग्रामीण, कुमारसैन और कोटखाई उपमंडलों को जारी की गई है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि इस अतिरिक्त ग्रांट के तहत एक हजार 15 छुटे हुए प्रभावितों को आर्थिक सहायता मुहैया करवाई जाएगी।

मौसम

प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी है राज्य में 8 साल बाद नवंबर में सामान्य से 99 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी नवंबर माह में ड्राई स्पेल का इस तरह का दौर देखने को मिला था। प्रदेश में पिछले कई महीनों से बारिश और बर्फबारी न होने से सूखे की स्थिति बनी हुई है राज्य के ऊपरी इलाकों में न्यूनतम तापमान माइनस में चल रहा है मौसम विभाग के अनुसार आज से प्रदेश के मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान है आज से 3 दिसंबर तक राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और बारिश की सम्भावना है। जबकि प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में मौसम अगले एक सप्ताह तक शुष्क रहेगा।

<u>अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला का शीर्षक है **प्रदेश में 8 साल बाद नवंबर में सबसे कम बारिश, आज से बदलेगा मौसम। पंजाब केसरी** के शब्द हैं **2 माह का मिट सकता है सूखा, आज से वर्षा के आसार। आपका फैसला** ने लिखा है **ऊंचाई वाले क्षेत्रों में चार दिन तक बारिश और बर्फबारी के आसार।**

दैनिक जागरण ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के हवाले से लिखा है **भाजपा विधायकों के मामले पर विधानसभा में ही सुनाएंगे निर्णय। पंजाब केसरी** के शब्द हैं **9 भाजपा विधायकों से जुड़े विषय पर विधानसभा के भीतर ही सुनाया जाएगा निर्णय। दैनिक सवेरा टाइम्स** ने लिखा है **भाजपा के 9 विधायकों के खिलाफ 5 साल में कभी भी सुनाया जा सकता है फैसला।**

दैनिक जागरण के अनुसार **सुक्खू–प्रतिभा आलाकमान से करेंगे संगठनात्मक मामलों पर चर्चा। हिमाचल दस्तक** के शब्द हैं **कांग्रेस वर्किंग कमेटी की आज दिल्ली में बैठक, सीएम सुक्खू और प्रतिभा सिंह भी मीटिंग में शामिल होंगे।**

आबकारी विभाग को मिलेंगे पुलिस जवान शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है सुक्खू सरकार का बड़ा कदम, अगले हफते शुरू हो जाएगी तैनाती की प्रक्रिया।

हाईकोर्ट के फैसले से जुड़ी खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **नालागढ़ में कानून को ताक पर रख चल रहे स्टोन क्रशरों को सील करें पी सी बी।**

अमर उजाला के अनुसार **करूणामूलक नौकरी के लिए नियमों में छूट की तैयारी, आय सीमा बढ़ेगी।**